**सिविल अपील सं–110/2012**
**राजाराम आदि बनाम मो0 शफी**

**दिनांक 03.07.2024**

वाद पुकारा गया। पुकार पर अपीलार्थीगण अनुपस्थित। विपक्षी उपस्थित
पत्रावली 2.30 बजे पुनः पेश हो।

अपर जिला जज/
विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट),
जनपद कन्नौज।

पत्रावली **2.30 बजे** पुनः पेश हुई।

पुकार करायी गयी। पुकार पर अपीलार्थीगण उपस्थित नही। विपक्षी उपस्थित। अपीलार्थीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं है और न ही उनके द्वारा कोई स्थगन प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।

पत्रावली के अवलोकन से यह विदित होता है कि अपीलार्थीगण विगत कई तिथियों से निरन्तर अनुपस्थित है। न्यायालय द्वारा उन्हें कई बार अवसर प्रदान किया गया है। आज समय लगभग 2.30 बजे हो चुका है किन्तु अपीलार्थीगण की ओर से कोई स्थगन प्रार्थनापत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसा परिलक्षित होता है कि अपीलार्थीगण अपील पर बल नहीं देना चाहते है। ऐसीस्थिति में अपीलार्थीगण को अन्य अवसर प्रदान किया जाना न्यायोचित नहीं है।

**आदेश**

संदर्भित **सिविल अपील सं–110/2012 राजाराम आदि बनाम मो0 शफी** अपीलार्थीगण की अनुपस्थिति में खरिज की जाती है।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर की जाये।

अपर जिला जज/
विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट),
जनपद कन्नौज।